


## कैफ और युवराज के ट्वीट पर बोले पीएम नरेंद्र मोदी, एक और पार्टनरशिप की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ के प्रयासों की सराहना की। दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पीएम मोदी के जनता कर्फ्यू के सपोर्ट में ट्वीट किया था। पीएम मोदी ने कैफ के ट्वीट पर जवाब देते हुए उन्हें और युवराज को टैग करते हुए लिखा, इन दोनों शानदार क्रिकेटरों की पार्टनरशिप को हम हमेशा याद रखेंगे। जैसा कि उन्होंने कहा कि अब समय है एक और साझेदारी का। इस बार पूरा भारत कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में उनका पार्टनर बनेगा।

मोदी ने गुरुवार को रात 8 बजे अपने संबोधन में देश के नागरिकों से जनता कर्फ्यू का पालन करने की अपील की थी जो 22 मार्च यानी रविवार को होगा। इसके बाद युवराज और कैफ ने भी लोगों से इस महामारी के खिलाफ लड़ाई में साथ आने की अपील की। जिस पार्टनरशिप का मोदी जिक्र कर रहे थे, वह 2002 में नैटवेस्ट सीरीज के फाइनल में कैफ और युवी ने खेली थी।

# बॉक्सर मैरी कॉम ने तोड़ा क्वॉरेंटाइन प्रोटोकॉल

**कोरोना महामारी**

## प्रोटोकॉल तोड़कर मैरी कॉम सीधे राष्ट्रपति भवन में पहुंचीं

- जॉर्डन में हुए एशिया–ओसियाना बॉक्सिंग क्वॉलिफायर्स में मैरी कॉम ने लिया था भाग
- 13 मार्च को लौटीं थीं मैरी कॉम, कोरोना के चलते अगले 14 दिन बिताने थे क्वॉरेंटाइन मे
- 18 मार्च को राष्ट्रपति भवन पहुंची मैरी कॉम, राष्ट्रपति ने सांसदों को दिया था न्योता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिग्गज बॉक्सर और राज्य सभा सांसद एमसी मैरी कॉम विवादों में फंसती दिख रही हैं। मैरी कॉम ने महामारी का रूप ले चुके नोवेल कोरोना वायरस पर आइसोलेशन का प्रोटोकॉल तोड़ा है। सेहत सुरक्षा से जुड़ा यह प्रोटोकॉल तोड़कर मैरी कॉम सीधे राष्ट्रपति भवन में पहुंचीं। हाल ही मैरी कॉम जॉर्डन में आयोजित हुए एशिया–ओसियाना ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स में खेलकर स्वदेश लौटी थीं। मैरी कॉम को ऐहतिहातन 14 दिन क्वॉरनटाइन में बिताने थे। लेकिन 18 मार्च को मैरी कॉम राष्ट्रपति भवन में ब्रेकफस्ट कार्यक्रम में शामिल हुई थीं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस दिन उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आने वाले सांसदों को नाश्ते का न्योता दिया था। इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर की बॉक्सर मैरी कॉम भी थीं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अधिकारिक ट्विटर हैंडल द्वारा जारी इस कार्यक्रम की तस्वीरों में मैरी कॉम को साफ देखा जा सकता है, जबकि मैरी कॉम 13 मार्च को ही भारत लौटी थीं और इस लिहाज से 27 मार्च से पहले उन्हें सार्वजनिक कार्यक्रमों या आम लोगों के बीच नहीं जाना था।



**आइसोलेशन में मैरी कॉम, बोलीं- सीखी नई आजादी**

इसी कार्यक्रम में बीजेपी के सांसद दुष्यंत सिंह भी मौजूद थे, जो इससे पहले कोरोना वायरस पीड़ित सिंगर कनिका कपूर की पार्टी में भी मौजूद थे। सिंह ने अब खुद को सेल्फ आइसोलेशन में रखा हुआ है।
मैरी कॉम ने जॉर्डन में इस प्रतियोगिता में भाग लेकर दूसरी बार अपना ओलिंपिक का टिकट पक्का किया है। इस टूर्नामेंट से पहले वह भारतीय बॉक्सिंग दल के साथ ट्रेनिंग के लिए इटली भी गई थीं।

हालांकि पूरे भारतीय दल का इंटरनैशनल ओलिंपिक कमिटी ने कोरोना टेस्ट के लिए सैंपल लिए थे, जिसमें मैरी कॉम समेत सभी सदस्यों की रिपोर्ट निगेटिव थी। लेकिन तय प्रोटोकॉल के मुताबिक सभी खिलाड़ियों को भारत में आकर 14 दिन सेल्फ आइसोलेशन में बिताने थे।

# धोनी को टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलना मुश्किलः सुनील गावसकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावसकर का मानना है कि पूर्व कैप्टन महेंद्र सिंह धोनी को ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में जगह मिलना मुश्किल होगा। ऑस्ट्रेलिया में इसी साल अक्टूबर–नवंबर में टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है।

गावसकर ने एक हिंदी दैनिक अखबार को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं निश्चित रूप से धोनी को भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में देखना चाहूंगा लेकिन ऐसा होने की संभावना नहीं है। टीम आगे बढ़ गई है। धोनी कोई बड़ी घोषणा करने वाले नहीं हैं, इसलिए मुझे लगता है कि वह चुपचाप खेल से संन्यास ले लेंगे।



38 साल के धोनी आखिरी बार इंग्लैंड में 2019 वर्ल्ड कप में भारत के लिए खेले थे, जहां विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। तब से धोनी ब्लू जर्सी में नजर नहीं आए। वह कोई क्रिकेट मैच भी नहीं खेले। उम्मीद की जा रही थी कि धोनी आईपीएल से क्रिकेट मैदान पर वापसी कर सकते हैं लेकिन इस प्रतिष्ठित टी20 लीग को ही फिलहाल 15 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री पहले ही कह चुके हैं कि धोनी का टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में चयन आईपीएल में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करता है। आईपीएल का 13वां एडिशन पहले 29 मार्च से शुरू होना था लेकिन कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के कारण इसे आगे बढ़ा दिया गया।

धोनी ने इस बीच चेन्नै में अपनी टीम चेन्नै सुपर किंग्स टीम के साथ प्रैक्टिस भी की। उनके कुछ विडियो भी इस दौरान वायरल हुए लेकिन कोविड–19 महामारी के कारण उन्हें बीच में ही इसे छोड़ना पड़ा। कोरोना वायरस के कारण अब तक दुनियाभर में 11 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले ली है।

## कोरोना पर पीएम मोदी के सपॉर्ट में सानिया मिर्जा, बोलीं- सभी दें मोदी जी का साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस कोविड– 19 महामारी के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनता कर्फ्यू की अपील को हर ओर से समर्थन मिल रहा है। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने भी आज लोगों से पीएम की इस मुहिम को पुरजोर समर्थन देने की बात कही। सानिया ने कहा कि इस घातक वायरस से लड़ने के लिए कल (रविवार को) पूरा अनुशासन दिखाएं। जय हिंद। पीएम की इस अपील के सपॉर्ट में दिग्गज टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने अपना समर्थन दिया है। सानिया ने ट्वीट करते हुए लिखा, आओ इस रविवार 22 मार्च को सभी एकसाथ मिलकर हमारे पीएम नरेंद्र मोदी जी के साथ उन लोगों के प्रति जनता कर्फ्यू के माध्यम से एकजुटता दिखाएं, जो हमें सुरक्षित रखने के लिए अपनी जिंदगी जोखिम में डाल रहे हैं। कल (रविवार) वह अनुशासन दिखाएं, जो हमें इस घातक वायरस के खिलाफ चाहिए। जय हिंद। बता दें प्रधानमंत्री ने गुरुवार को देशवासियों से जनता कर्फ्यू को लेकर अपील की थी।

## न्यूज डायरी






### पति–पत्नी के झगड़े के बहाने केविन पीटरसन ने कोरोना वायरस पर लिए मजे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीन से फैले कोरोना वायरस के कारण एक तरफ लोग परेशान हैं तो दूसरी तरफ कुछ इस पर मौज लेने में भी पीछे नहीं हैं। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने शनिवार को एक ट्वीट किया जिसमें उन्होंने इस वायरस के कारण घर पर रहते हुए काम करने वाले लोगों से ही मजे लिए। 39 साल के पीटरसन ने लिखा, पिछले 24 घंटे की पुलिस रिपोर्ट, चोरी–0, क्राइम–0, दुर्घटना–0 और पति–पत्नी के झगड़े– 84635, उनके इस ट्वीट को 1 घंटे में भी 1 हजार के करीब लोगों ने रिट्वीट भी किया। वहीं, अकुल नाम के एक यूजर ने लिखा, हर कोई ऐसा मेसेज शेयर कर रहा है, जिसके बाद मुझे लग रहा है कि यह सच ही है।
इससे पहले पीटरसन ने हिंदी में भी ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था, नमस्ते इंडिया, हम सब कोरोना वायरस को हराने में एक साथ हैं। हम सब अपनी सरकार के निर्देश मानते हुए कुछ दिन घर में रहें। यह समय है होशियार रहने का, आप सभी को ढेर सारा प्यार।

### कोविड–19 का असर नहीं, ओलिंपिक के लिए कड़ी मेहनत जारीः मनप्रीत सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। इस समय पूरी दुनिया में फैले घातक कोरोना वायरस के कारण लगभग सभी तरह की गतिविधियां बंद हैं और भारत की पुरुष और महिला टीमें तोक्यो ओलिंपिक की तैयारियों पर ध्यान दे रही हैं। खिलाड़ी और सपॉर्ट स्टाफ भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बेंगलुरु स्थित केंद्र में सभी एहितयात बरत रहे हैं। हॉकी इंडिया (एचआई) के मुताबिक कैम्पस पूरी तरह से नियमित अभ्यास सत्रों से भरा है और कोई भी बाहरी शख्स केंद्र के अंदर नहीं आ सकता। मनप्रीत सिंह ने कहा, 'कोविड–19 ने हमारे अभ्यास सत्र को प्रभावित नहीं किया है। हम लगातार अपने हाथ धो रहे हैं और हमारा तापमान भी लगातार जांचा जा रहा है। साई के अधिकारी इस बात का ध्यान रख रहे हैं कि हम सही माहौल में अभ्यास करें। हमारे साई के अधिकारी और कोच हमारे साथ हैं और हम ओलिंपिक की तैयारियों में व्यस्त हैं।'

### कोरोना वायरस के चलते वाडा ने जारी की डोपिंग संबंधी गाइडलाइंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी ने कोरोनो वायरस के प्रकोप के बीच डोप टेस्ट को लेकर नई गाइडलाइंस जारी की हैं। वाडा और एनएडीओ के अडवाइजरी ग्रुप की शुक्रवार को टेलिकॉन्फ्रेंस की बैठक हुई थी, जिसमें ऐंटी डोपिंग संगठन से स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा लगाई गई पाबंदियों के तहत काम करने को कहा गया है, ताकि खिलाड़ियों की पूरी तरह से सुरक्षा की जा सके और साथ ही डोपिंग नियंत्रण कार्यक्रम की अखंडता को बचाया जा सके। वाडा ने कहा है कि अगर टेस्ट करने वाले अधिकारियों को कोरोना वायरस से पीड़ित पाया जाता है तो जिन खिलाड़ियों का उन्होंने टेस्ट किया है उनको इस बात की सूचना दे दी जाएगी। वाडा ने कहा, मास्क का उपयोग करना, काम की जगह को कीटाणुरहित करना और अगर स्थानीय पाबंदियां टेस्ट के दौरान सामने आती हैं तो एडीओ को उनका पालन करना होगा।

### किसी भी पिच पर किसी भी बोलिंग का सामना कर सकते हैं विराट कोहलीः जावेद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद मैदान पर हों या मैदान के बाहर वह भारत के खिलाफ हमेशा आक्रामक ही नजर आते हैं। दोनों देशों की क्रिकेट में जो प्रतिद्वंद्विता है, मियांदाद उस प्रतिद्वंद्विता को हमेशा बनाए रखते हैं। लेकिन जब बात भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ की आती है, तो भी मियांदाद इसमें भी पीछे नहीं हटते। ऐसा ही इस बार उन्होंने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली के लिए किया है। अपने यू–ट्यूब चौनल पर मियांदाद ने विराट कोहली के खेल की जमकर प्रशंसा की है। मियांदाद ने कहा कि उन्हें विराट की बेखौफ बैटिंग बहुत पसंद है। इस पूर्व दिग्गज कप्तान ने कहा, मुझसे पूछा गया कि भारतीय क्रिकेट टीम में कौन बेस्ट है, तो मैं विराट कोहली को चुनूंगा। इस 62 वर्षीय पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे उनकी बारे में ज्यादा कुछ कहना भी नहीं पड़ेगा। उनकी परफॉर्मेंस खुद ही सब कुछ बताती है।